वेबसाईट : www.abvp.org पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 8 मार्च 2021

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

नवोदय विद्यालयों को सैनिक स्कूल में बदलने का प्रस्ताव हो वापस: अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, केन्द्र सरकार द्वारा नवोदय विद्यालयों को सैनिक स्कूलों में बदलने के प्रस्ताव को केन्द्र सरकार द्वारा वापस लिए जाने की मांग करती है। इस संदर्भ में अभाविप का स्पष्ट मत है कि केन्द्रीय बजट 2021-22 की घोषणा के अनुसार 100 सैनिक स्कूल नए खोले जाने चाहिए न कि नवोदय विद्यालयों को सैनिक स्कूलों में बदलना चाहिए।

सैनिक स्कूल तथा विद्यालय स्कूल दोनों अपने उद्देश्यों के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, दोनों ही तरह के विद्यालयों को आधुनिक शिक्षण उद्देश्यों के अनुरूप विकसित किया जाना चाहिए, अभाविप की मांग है कि सैनिक स्कूलों के निर्माण के लिए अलग से बजट आवंटित कर उनकी संख्या बढ़ाई जाए।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा, "नवोदय विद्यालयों को सैनिक स्कूलों में नहीं बदला जाना चाहिए, बल्कि नए सैनिक स्कूलों की स्थापना अलग से की जानी चाहिए। ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर तथा मध्यमवर्गीय परिवारों के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए नवोदय विद्यालय बेहद महत्वपूर्ण हैं, अभाविप मांग करती है कि उपर्युक्त प्रस्ताव को वापस लिया जाए तथा सैनिक स्कूलों की स्थापना अलग से हो।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)